अमर उजाला
गांव जंक्शन

हापुड़ में नकली खाद रैकेट का भंडाफोड़ : बसों से होती थी तस्करी, कोई चेकिंग नहीं, ऐसे हुए खुलासा

उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में नकली खाद के बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी हनी को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ में गिरोह के काम करने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। हनी रोजाना नकली खाद के कट्टे बसों में लोड करता था, और हर दिन 500 से 1000 कट्टों तक की सप्लाई की जा रही थी।

पीयूष बंसल देता था आदेश

गिरफ्तार आरोपी हनी ने पुलिस को बताया कि उसे केवल यह निर्देश दिया जाता था कि "फलां शहर जाने वाली बस" में कट्टों का बंडल रख देना है। यह आदेश सीधे पीयूष बंसल नामक व्यक्ति से आते थे। हनी को प्रत्येक बंडल की ढुलाई के 50 रुपये मिलते थे और वह 250-300 रुपये की रोजाना मजदूरी कर लेता था। एक बंडल में 100 से 500 कट्टे होते थे, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हापुड़ से रोजाना सैकड़ों नकली खाद के कट्टे देश के विभिन्न हिस्सों में भेजे जा रहे थे।

धीरखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया से जुड़ा है लिंक

हनी के मुताबिक, वह अक्सर धीरखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया के पास जाता था, जहां एक अनजान व्यक्ति उससे कट्टे की डिलीवरी लेता था। इस क्षेत्र में कई फैक्ट्रियां हैं, और पुलिस को संदेह है कि इनमें से ही किसी में नकली यूरिया का निर्माण किया जा रहा था। पुलिस ने हनी की निशानदेही पर दो गोदामों को सील कर दिया है।

Source: https://www.gaonjunction.com/khabar-junction/fake-fertilizer-racket-busted-in-hapur-smuggling-done-through-buses-no-checking